दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**बधाई एवं अवकाश सूचना**
सभी पाठकों को रक्षाबंधन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं... रक्षाबंधन के अवसर पर न्याय साक्षी कार्यालय में 30 अगस्त को अवकाश रहेगा। अगला अंक 01 सितंबर को प्रकाशित होगा।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, बुधवार 30 अगस्त 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 332

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर उन्नत सुविधा युक्त रायगढ़ स्टेडियम खिलाड़ियों को समर्पित : लगभग ढ़ाई करोड़ से अधिक की राशि से हुआ स्टेडियम अपग्रेड

- खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल ने किया लोकार्पण
- आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित जिम, वुडन बैडमिंटन कोर्ट, दो बास्केटबॉल कोर्ट किए गए हैं तैयार
- खेल के क्षेत्र में हो रहा विस्तार, खिलाड़ियों के लिए बन रहे एकेडमी-खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल
- रायगढ़ स्टेडियम में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विसेन्ट लकड़ा के साथ वरिष्ठ खिलाड़ियों का हुआ सम्मान
- स्विमिंग, टेबल टेनिस जैसे खेलों के लिए भी बढ़ाई गई सुविधाएं
- नए संसाधनों के साथ खिलाड़ियों को मिलेगा बेहतर माहौल

**रायगढ़।** 29 अगस्त राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर रायगढ़ शहर के खिलाडिय़ों और खेल प्रेमियों को रायगढ़ स्टेडियम में लगभग ढ़ाई करोड़ रूपये से अधिक की लागत से तैयार की गई सुविधाओं की सौगात खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल के हाथों मिली। रायगढ़ स्टेडियम में पहले से मौजूद सुविधाओं को अपग्रेड किया गया है। साथ ही विभिन्न खेलों के अभ्यास के लिए नये मैदान व संसाधनों की व्यवस्था की गयी है।

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महान हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जन्मदिन के अवसर पर हर वर्ष 29 अगस्त को देशभर में खेल दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि उनकी प्रेरणा एवं खेल के परिणाम स्वरूप ही हम दुनिया में बहुत दिनों तक हॉकी खेल में आगे रहे। उन्होंने सभी को खेल दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। आज खेल दिवस के अवसर पर रायगढ़ स्टेडियम का जीर्णोद्वार किया गया है, जिससे खिलाडिय़ों को यहां सभी प्रकार की अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवायी गयी है। खेल मंत्री पटेल ने कहा



कि छत्तीसगढ़ में मुझे जब खेल मंत्रालय का कार्यभार मिला तो सिर्फ 2 एकेडमी थे जो रनिंग में नहीं थे। आज 24 एक्सीलेंस सेंटर, 9 बोर्डिंग और रेसीडेशियंल एकेडमी है और 7 अन्य बनने जा रहे है। इस प्रकार पिछले चार साल में 40 एकेडमी हो चुके है। हमारा लक्ष्य हर जिले में एक एकेडमी का निर्माण करना था लेकिन आज इंफ्रास्ट्रक्चर डेव्लपमेंट होता गया तो एक ही स्टेडियम में कई एकेडमी खोलने का मौका मिला और संख्या लगातार बढ़ती चली गयी है। इसी तारतम्य में आज रायगढ़ स्टेडियम अपने नये स्वरूप में परिलक्षित हो रहा है। जिससे खिलाडिय़ों को खेल के क्षेत्र में आगे बढऩे का मौका मिलेगा। खेल मंत्री पटेल ने जिंदल फाउण्डेशन एवं जिला कलेक्टर को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर खेलमंत्री पटेल ने मोबाईल वेटेनरी क्लीनिक वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

विधायक प्रकाश नायक ने कहा कि रायगढ़ स्टेडियम का जीर्णोद्धार हुआ है, स्टेडियम में जिम, बैडमिंटन और बास्केटबाल कोर्ट, स्विमिंग पुल, टेबल टेनिस हाल में सुविधाओं के साथ मुख्य गैलरी और पेवेलियन की सुविधाएं बढ़ाई गई हैं। पूर्व में रायगढ़ स्टेडियम के जिम में काफी पुराने उपकरण थें, जिसे स्टेडियम के कायाकल्प के साथ इसे भी अब पूरी तरह से चेंज कर दिया गया हैं। जिससे शहरवासियों के साथ ही यहां खिलाडिय़ों को बेहतर सुविधाएं मिलेगी।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने खेल दिवस के अवसर पर हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन किया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि खेल मंत्री के नेतृत्व में पिछले कुछ वर्षो में प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को संवारने का काम हुआ है। जिससे खेल का एक जबरदस्त माहौल बना और खिलाडिय़ों को प्रोत्साहन मिला है। उन्होंने कहा कि खेल दिवस के उपलक्ष्य में एक बहुत अच्छी अधोसंरचना यहां पर उपलब्ध करायी जा रही है। खेल मंत्री एवं स्थानीय विधायक की पहल पर आगे भी खिलाडिय़ों को ऐसी सुविधा मिल पायेगी। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि सीएसआर मद के तहत शहर के रायगढ़ स्टेडियम में लगभग ढ़ाई करोड़ रुपये की लागत से जीर्णोद्धार का काम हुआ है। उन्होंने जिंदल समूह को बधाई देते हुए कहा कि इतने कम समय में पूरी क्वालिटी के साथ उन्होंने काम किया है। चक्रपथ में ऊंचाई कार्य में भी जिंदल समूह का सहयोग मिल रहा है। जिससे आने वाले बारिश में वहां होने वाली दिक्कतों से शहरवासियों को छुटकारा मिल जाएगा।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार, सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, आयुक्त नगर निगम सुनील चंद्रवंशी, जिंदल के ईडी सब्यासाची बंदोपाध्याय, अनंदिता बंदोपाध्याय, नेता प्रतिपक्ष पूनम सोलंकी, सलीम नियारिया, जिला पंचायत सदस्य संगीता गुप्ता, रानी चौहान, शाखा यादव, जेएसपीएल संजीव चौहान, रामचंद्र शर्मा सहित जिले के खिलाड़ीगण एवं बड़ी संख्या में जनसामान्य उपस्थित रहे।

**अंतर्राष्ट्रीय हॉकी प्लेयर विसेन्ट लकड़ा का किया गया सम्मान-** रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ मुख्यालय के ग्राम-सिथरा के अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विसेन्ट लकड़ा का खेल दिवस के अवसर पर सम्मान किया गया। उल्लेखनीय है कि लकड़ा भारतीय हॉकी टीम के सेंटर फारवर्ड के रूप में दुनियाभर में देश का नाम रोशन किया था। उन्होंने 1978 में अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में खेले गए हॉकी विश्व कप में देश का प्रतिनिधित्व किये थे। इसी प्रकार आज खेल दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा विसेन्ट लकड़ा के साथ ही जिले के अन्य वरिष्ठ खिलाडिय़ों का सम्मान किया गया। जिसमें आशा त्रिपाठी को हॉकी के लिए, प्रेम किशोर प्रधान को बॉक्सिंग में, मुकेश चटर्जी को फुटबाल, क्रिकेट, हॉकी सहित अन्य खेलो के लिए, राजेश पटनायक को कबड्डी, उपेन्द्र सिंह ठाकुर को बैडमिंटन, विनोद अग्रवाल को टेबिल टेनिस, एलेक्जेन्डर को हॉकी, जेम्स वर्गीस को फुटबाल एवं विनित पाण्डेय को बास्केट बाल में उल्लेखनीय कार्य करने हेतु सम्मानित किया गया।

**वुडन बैडमिंटन कोर्ट, बॉस्केट बाल का नया कोर्ट भी बनाया गया**

स्टेडियम में दो विश्व स्तरीय वुडन बैडमिंटन कोर्ट बनाया गया है। व संपूर्ण हॉल का जीर्णोद्धार किया गया। जिसके तहत वुडन कोर्ट में हाई क्लास 5 एमएम मैटिंग बिछाया गया हैं, सुविधाओं का विस्तार करते हुए हॉल के अंदर वॉशरुम व चेंजिंग रूम, रिसेप्शन कंपार्टमेंट व प्रवेश द्वार की मरम्मत की गई हैं। रायगढ़ स्टेडियम में वर्तमान में एक बास्केट बॉल कोर्ट है। उसके जीर्णोद्धार के साथ ही एक नया बास्केटबाल कोर्ट भी तैयार किया गया है। जिससे अब गल्र्स और बॉयज के लिए अलग-अलग बास्केटबाल कोर्ट की सुविधा मिल पाएगी। इसके साथ ही दोनों कोर्ट के बाहर जाली दार फेंसिंग व लाईटिंग की व्यवस्था की जा रही है। स्विमिंग पुल की साज-सज्जा कर, घास एवं वृक्षारोपण जैसे कार्य कर लिया गया गया है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पीएम मोदी और रूसी राष्ट्रपति पुतिन के बीच फोन पर बात, जी 20 में आएंगे सर्गेई लावरोव

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच फोन पर बात हुई। फोन पर हुई बात के दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग के कई मुद्दों पर बात की और इनकी प्रगति की समीक्षा भी की। पीएमओ के मुताबिक, टेलीफोन पर हुई इस बातचीत के दौरान राष्ट्रपति पुतिन ने 9-10 सितंबर को नई दिल्ली में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने में असमर्थता व्यक्त की और प्रधानमंत्री को बताया कि इस बैठक में रूस का प्रतिनिधित्व रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव करेंगे। रूस के इस निर्णय का सम्मान करते हुए प्रधानमंत्री ने भारत की जी-20 अध्यक्षता के तहत सभी पहलों के लिए रूस के निरंतर समर्थन के लिए राष्ट्रपति पुतिन को धन्यवाद दिया। पीएमओ के मुताबिक, दोनों नेताओं ने संपर्क में बने रहने पर सहमति जताई।

### रक्षाबंधन पर मान सरकार का तोहफा, दो घंटे देरी से खुलेंगे सरकारी दफ्तर और स्कूल

**जालंधर (आरएनएस)।** देशभर में कल रक्षाबंधन का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। बहन-भाई के इस पवित्र त्योहार को लेकर बाजार सज चुके हैं और जमकर खरीदारी भी की जा रही है। इसी कड़ी में पंजाब सरकार ने भी रक्षाबंधन के मद्देनजर राज्यभर के स्कूलों और सरकारी दफ्तरों के समय में बदलाव किया है। इसके तहत प्रदेश में राखी के त्योहार 30 अगस्त दिन बुधवार को पंजाब सरकार के समूह दफ्तर और स्कूल दो घंटे देरी से खुलेंगे। सरकारी दफ्तरों का समय 9 बजे का है, इसलिए राखी के त्योहार पर 30 अगस्त को दफ्तरों के खुलने का समय 11 बजे होगा। पंजाब सरकार की नोटिफिकेशन के अनुसार समूह स्कूल 30 अगस्त को 10 बजे खुलेंगे।

### चमोली में कार गहरी खाई में गिरने से एक की मौत, चार जख्मी

**चमोली (आरएनएस)।** उत्तराखंड के चमोली जिले में जोशीमठ क्षेत्रान्तर्गत , सलूड़ गांव में देर रात एक कार के गहरी खाई में गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी और अन्य चार घायल हो गए। कार के गहरी खाई में गिरने की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के राहत दल (रेस्क्यू टीम) ने खाई से एक व्यक्ति का शव निकाला और अन्य चार को खाई से बाहर निकाला। एसडीआरएफ प्रवक्ता ललिता दास नेगी ने मंगलवार सुबह बताया कि सोमवार देर रात कोतवाली जोशीमठ द्वारा जोशीमठ से महज दो किलोमीटर की दूरी पर एक आल्टो कार वाहन खाई में दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिली।

## लैंडिंग से पहले बंद हुआ इंडिगो के विमान का एक इंजन, टला बड़ा हादसा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** मदुरै से मंगलवार को मुंबई आ रहे इंडिगो के एक विमान का एक इंजन लैंडिंग से पहले अचानक बंद हो गया, हालांकि इसके बावजूद विमान मुंबई हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गया। दो इंजन वाला एयरबस 321 विमान एक इंजन के दम पर सुरक्षित लैंडिंग करने में कामयाब रहा।




एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा, मदुरै से मुंबई जाने वाली इंडिगो की उड़ान 6ई-2012 में मुंबई में उतरने से पहले तकनीकी समस्या आ गई थी। पायलट ने मुंबई में प्रायोरिटी लैंडिंग की। विमान को मुंबई में रखा गया है और आवश्यक रखरखाव के बाद यह परिचालन में वापस आ जाएगा।

## तेज रफ्तार कार ने पैदल जा रहे लोगों को रौंदा, तीन ने तोड़ा दम, 14 गंभीर घायल

**रांची (आरएनएस)।** झारखंड के पलामू में एक तेज रफ्तार कार ने 17 लोगों को रौंद दिया। हादसे में तीन की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हैं। पलामू जिले के चैनपुर थाना अंतर्गत बरांव गांव में सावन के अंतिम सोमवार के मौके पर मंदिर के पास सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम देखकर लोग घर लौट रहे थे, तभी शाहपुर-गढ़वा मुख्य मार्ग पर चढवना के पास तेज रफ्तार से आ रही एक कार ने सडक़ के किनारे चल रहे लोगों को अपनी चपेट में ले लिया।

हादसे में नरसिंहपुर पथरा के वशिष्ठ महतो के पुत्र उदल प्रसाद चौरसिया और उनके पोते रोहित कुमार व कोटा गांव निवासी मधु मेहता की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। कार की टक्कर से 14 अन्य लोग घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। कुछ घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना के बाद चालक एक किलोमीटर आगे




कार छोडक़र फरार हो गया। सूचना मिलने के बाद चैनपुर थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। घटना के बाद गांव में कोहराम मचा हुआ है। पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने बताया कि कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। कार जब्त कर ली गई है।

## सुरक्षाबलों ने नक्सलियों की बड़ी साजिश को किया नाकाम, 13,800 डेटोनेटर समेत आईईडी और गोला-बारूद बरामद

**गया (आरएनएस)।** बिहार के गया जिले के जंगली क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षाबलों ने नक्सलियों की एक बड़ी साजिश नाकाम कर दिया। तलाशी अभियान के तहत सुरक्षाबलों ने 13,800 डेटोनेटर, हथियार, गोला बारूद, आईईडी बरामद की है।



बताया जाता है कि नक्सली संगठन सुरक्षा बलों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम देने के फिराक में थे। सूचना के आधार पर गया के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष भारती ने अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) के नेतृत्व में सीआरपीएफ, एसटीएफ और जिला पुलिस को मिलाकर विशेष टीम का गठन किया। गठित सुरक्षा बलों की विशेष टीम ने लुटुआ के इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। लुटुआ थाना के पंडरा के पहाड़ी और जंगली क्षेत्र में अभियान चलाया गया।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सर्च ऑपरेशन के दौरान एक स्थान पर छुपाकर रखे गए एक राइफल, 100 कारतूस को बरामद किया। सुरक्षा बलों ने इनपुट के आधार पर कार्रवाई जारी रखी और पंडरा पहाड़ी के ही दूसरे छोर पर तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान तीन शक्तिशाली आईईडी भी मिले, जिसे डिफ्यूज कर दिया गया। इस दौरान सुरक्षा बलों ने पांच प्लास्टिक की बोरी में रखे विस्फोटक और पि_ बैग बरामद किया।

प्लास्टिक के बोरी से 13,800 विस्फोटक (डेटोनेटर) मिले, जो 46 पॉकेट में थे। इसके अलावा मौके से कोर्डेक्स तार (चार बंडल), नक्सलियों की काली वर्दी, गोला बारूद की थैली भी बरामद किया गया, जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया है। सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के ठिकाने से दो बेसिक फोन और दो वॉकी-टॉकी सेट भी जब्त किए हैं।

### रक्षाबंधन पर केंद्र सरकार ने दी बड़ी राहत

## घरेलू गैस एलपीजी की कीमतों में 200 रुपए की सब्सिडी देने का किया एलान

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कमी पर प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया है। केंद्र सरकार ने महंगाई की मार झेल रही जनता को रक्षाबंधन और ओणम पर सरकार ने बड़ी राहत देने का एलान किया है। कैबिनेट ने घरेलू गैस एलपीजी की कीमतों में 200 रुपये की सब्सिडी देने का एलान किया है। उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को 200 रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी दी जाएगी। यानी उन्हें एक गैस सिलेंडर पर 400 रुपये की छूट मिलेगी। अश्वनी चौबे ने कहा कि यह त्योहारों पर माताओ- बहनों को मोदी सरकार का उपहार है। घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतो में प्रति सिलेंडर 200 रुपये घटाया गया है। यह प्रधानमंत्री की तरफ से देश के माताओं-बहनों को रक्षाबंधन का उपहार है। इस निर्णय से उज्ज्वला लाभार्थियों की कुल सब्सिडी 200 से बढक़र 400 रुपये हो जाएगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने कहा कि प्रधानमंत्री के इस सर्वस्पर्शी निर्णय से पर्व-त्योहारों की रौनक और बढ़ेगी और मध्यम और सामान्य वर्ग के 33 करोड़ परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही 75 लाख और गऱीब माँ-बहनों को उज्ज्वला योजना के तहत नि:शुल्क एलपीजी सिलेंडर देने का निर्णय लिया गया है। जिससे



कुल उज्जवला लाभार्थियों की संख्या 10.35 करोड़ हो जाएगी। यह निर्णय हर घर स्वच्छ ईंधन से स्वास्थ्य, सुरक्षा और महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। अश्वनी चौबे ने कहा कि जन-हितैषी निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करता हूं।

## नितिन गडकरी ने दुनिया की पहली प्रोटोटाइप कार का किया अनावरण, कहा अन्नदाता को ऊर्जादाता बनाना लक्ष्य

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय सडक़ परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बीएस6 स्टेज सेकण्ड'इलेक्ट्रिफाइड फ्लेक्स फ्यूल व्हीकल' की दुनिया के पहले प्रोटोटाइप का अनावरण किया। इसे टोयोटा किर्लोस्कर मोटर्स ने विकसित किया है। यह 85 प्रतिशत तक इथेनॉल मिश्रित ईंधन पर चल सकता है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि बायो-फ्यूल (जैव ईंधन) से पराली जलाने की समस्या लगभग 100 फीसदी खत्म हो जाएगी। इससे किसानों की आय दोगुनी करने में भी मदद मिलेगी।




फ्लेक्स-फ्यूल टोयोटा इनोवा हाइक्रॉस हाइब्रिड के प्रोटोटाइप के अनावरण समारोह में बोलते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज पूरी दुनिया के लिए एक ऐतिहासिक दिन है क्योंकि पहला प्रोटोटाइप अनावरण होने जा रहा है। इससे पहले विक्रम किर्लोस्कर थे और मैं आमतौर पर उनसे हर बार प्रोटोटाइप के बारे में जानकारी लेता था। लेकिन, उनका निधन हमारे लिए एक बड़ी क्षति है।

उन्होंने बताया कि भारत फिलहाल 16 लाख करोड़ रुपये का ईंधन आयात कर रहा है। अगर हम प्रदूषण का ग्राफ देखें तो 40 प्रतिशत प्रदूषण ईंधन के कारण उत्पन्न होता है। मैं मुश्किल से दो या तीन दिन दिल्ली में रहता हूं। जब मैं अपने मूल स्थान पर वापस लौटता हूं तो संक्रमण से पीडि़त होता हूं। दिल्ली की स्थिति और प्रदूषण के स्तर के बारे में हर कोई जानता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा का पानीपत संयंत्र इथेनॉल पैदा कर रहा है, जो जैव-कचरे से उत्पन्न होता है।

उन्होंने उदाहरण दिया कि कैसे दो अलग-अलग फ्लाइट्स में 50 प्रतिशत जैव-विमानन ईंधन का उपयोग किया जा रहा है। हमारे देश की जीडीपी का 65 फीसदी हिस्सा कृषि पृष्ठभूमि से है और मैं किसानों की स्थिति के बारे में जानता हूं। केंद्रीय मंत्री ने कहा, मेरा सपना 'अन्नदाता' को 'ऊर्जादाता' (सौर ऊर्जा उत्पादक) में बदलना है। उन्होंने कहा कि वह खुद किसान परिवार से हैं और जानते हैं कि इससे किसानों को कितना फायदा होगा। बायो-फ्यूल से पराली जलाने की समस्या लगभग 100 फीसदी तक खत्म हो जाएगी।

किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण की सराहना करते हुए मंत्री ने कहा कि इथेनॉल एक स्वदेशी, पर्यावरण-अनुकूल और नवीकरणीय ईंधन है। यह भारत के लिए आशाजनक संभावनाएं रखता है। उन्होंने कहा, इथेनॉल पर मोदी सरकार का जोर ऊर्जा आत्मनिर्भरता हासिल करने, किसानों की आय दोगुनी करने, उन्हें अन्नदाता के रूप में समर्थन जारी रखते हुए ऊर्जादाता में परिवर्तित करने और पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव डालने के उद्देश्यों के अनुरूप है।

उन्होंने यह भी कहा कि जलवायु परिवर्तन के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वैश्विक मिशन के साथ, टोयोटा उत्साहपूर्वक स्वच्छ ऊर्जा समाधानों में बदलाव कर रही है। उन्होंने कहा, पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी मजबूत प्रतिबद्धता उनकी उन्नत तकनीकों, जैसे हाइड्रोजन वाहन और इलेक्ट्रिफाइड फ्लेक्स ईंधन वाहन, में स्पष्ट है।